17/07/2020

B.A. Part II Sociology (Hons)
Paper 4 - Social Research Methods
Topic - Social Survey - Concept, characteristics
By - Himanshu Shekhar, J.N. College, Madhubani.

सामाजिक सर्वेक्षण -

सर्वेक्षण अनुसंधान की एक विधि है। सर्वेक्षण का आशय अनुसंधान की उस प्रणाली से है जिसमें अनुसंधान कर्ता घटनास्थल पर जा कर घटना विशेष का वैज्ञानिक निरीक्षण करता है।

परिभाषाएँ -

ए० एफ० वेल्स के अनुसार - "साधारणतया सामाजिक सर्वेक्षण को किसी विशिष्ट प्रदेश में रहने वाले व्यक्तियों के समूह की सामाजिक संस्थाओं व क्रिया-कलापों के अध्ययन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

सिन पाओ यांग के अनुसार - "सामाजिक सर्वेक्षण प्रायः एक समूह के लोगों की रचना, क्रिया-कलापों तथा रहन-सहन की दशाओं के संबंध में एक छानबीन है

जोसेफ एच० बंजेल के अनुसार - "सामाजिक सर्वेक्षण एक प्रकार की सहकारिता के आधार पर की गई अनुसंधान परियोजना है। इसके अंतर्गत वैज्ञानिक पद्धतियों के द्वारा तात्कालीन समाज की समस्याओं तथा परिस्थितियों का अध्ययन तथा किसी-किसी क्षेत्र में इनके उपचार के पथ भी बतलाते हैं, सामाजिक समस्याएं तथा परिस्थितियाँ किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र में सीमित होती हैं।"

सामाजिक सर्वेक्षण की विशेषताएँ -

① एक प्रत्यक्ष अध्ययन - सामाजिक सर्वेक्षण एक प्रत्यक्ष अध्ययन है, क्योंकि इसकी प्रणाली प्रत्यक्ष है, सर्वेक्षणकर्ता

Scanned with CamScanner

और विषयवस्तु में प्रत्यक्ष एवं सीधा संबंध होता है।

(2) सामाजिक घटनाओं, तथ्यों तथा समस्याओं से संबंध

(3) रचनात्मक उद्देश्य — सामाजिक सर्वेक्षण केवल विवेचन ही प्रस्तुत नहीं करता वरन् समस्याओं के समाधान हेतु उपाय भी सुझाता है।

(4) तुलनात्मक अध्ययन — तुलनात्मक अध्ययन भी सर्वेक्षण द्वारा संभव है। पर्यावरण। सामाजिक समस्याओं एवं परिस्थितियों का संबंध स्थापित किया जाता है।

(5) एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र के अंतर्गत सीमित

(6) मूर्त सामाजिक जीवन का प्रत्यक्ष अध्ययन

Scanned with CamScanner